शृङ्गेरी शंकराचार्य

परमपूज्य जगद्गुरु
श्री भारती तीर्थ महास्वामी जी



Book Title:

SRINGERI SHANKARACHARYA
Paramapujya Jagadguru Sri Bharathi Theertha Mahaswami Ji

Language: Hindi

Translator: Jayasree Venkateswaran

Illustrations: Esakki & Sushil
Layout: K. Parthasarathy

Published by:
Centre for Brahmavidya
SVK Towers, 8th Floor
A25, Industrial Estate, Guindy
Chennai 600032
Email: contact@centreforbrahmavidya.org
Website: www.centreforbrahmavidya.org

ISBN: 978-81-957509-4-8

© **Centre for Brahmavidya**
All rights reserved

Digital Edition: 2022
(For free distribution only)



अद्वैत वेदान्त# के सुविख्यात प्रतिपादक जगद्गुरु श्री आद्य शंकर-भगवत्पाद जी ने, जो भगवान शंकर के अवतार के रूप में प्रतिष्ठित हैं, श्रद्धेय शृङ्गेरी श्री शारदा पीठ की स्थापना की। इस पीठ पर प्रबुद्ध और करुणामय परमहंस यतिवर्यों की अविच्छिन्न गुरुपरम्परा विराजमान रही है। शृङ्गेरी शारदा पीठ के 36वें पीठाधीश्वर परमपूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य श्री भारती तीर्थ महास्वामी जी के जीवन और शिक्षाएँ इस सचित्र ग्रंथ में वर्णित हैं।

मछलीपट्टनम* में श्री वेंकटेश्वर अवधानी तथा श्रीमती अनंत-लक्ष्मम्मा धार्मिक दम्पति रहते थे। अवधानी सनातनिक वेद विद्वान थे। दम्पति ने एक पुत्र संतान चाहते हुए प्रार्थना की।

अवधानी ने श्रीराम नवरात्रोत्सव** को बहुत उत्साह से मनाया। उन्होंने प्रार्थना की कि यदि पुत्र संतान की उनकी इच्छा पूरी हो जाएगी तो वे उस बच्चे का सीता और राम से जुड़े नाम रखेंगे।

अनंत-लक्ष्मम्मा ने भक्ति भाव से भगवान आंजनेय की आराधना की और पुत्र प्राप्ति हेतु प्रार्थना की।

एक रात उनके सपने में प्रभु आंजनेय ने प्रकट होकर उन्हें करुणापूर्वक तीन आम देकर आशीर्वाद दिया।

वेद-उपनिषदों में प्रतिपादित अद्वैत सिद्धांत। * आन्ध्र प्रदेश, भारत।
** भगवान श्री राम के जन्म दिवस रामनवमी पर समाप्त होने वाला नौ दिवसीय महोत्सव।

ईश्वर ने उनकी प्रार्थना अवश्य पूरी की। 1951 अप्रैल 11# को उनके एक पुत्र का जन्म हुआ।

अपने पूर्व संकल्प के अनुसार उन्होंने एक शुभ दिन पर बच्चे का नाम सीताराम आंजनेयुलु रखा।

परिवार नरसरावपेट में स्थानांतरित हुआ।

नन्हे शिशु होते हुए भी श्री आंजनेयुलु ने अपनी आगामी महानता के लक्षण दिखाए। एक सवेरे उनके सोते समय, उनकी माँ ने उनके चेहरे पर एक प्रभामंडल देखा।

जब आंजनेयुलु तीन वर्ष के थे, एक दिन रोने लगे और लगातार रोते ही रहे।

माँ ने शिशु को एक शिव मंदिर* में ले गई। एकाएक उन्होंने न केवल रोना बंद कर दिया, बल्कि वे बार बार कहने लगे...

खर-संवत्सर चैत्र-शुक्ल-षष्टी, मृगशीर्ष नक्षत्र के दिन। * श्री भीम-लिंगेश्वर मंदिर।

एक दिन माँ ने श्री आंजनेयुलु को घर पर नहीं पाया। माँ चिंतित हो गईं और उन्हें ढूंढ़ने लगीं।

उन्होंने उन्हें पास के हनुमान मंदिर में पाया।

श्री अवधानी अपने बेटे को पुराण आदि विभिन्न ग्रंथों से कहानियाँ सुनाते थे। एक ही बार सुनाई गई कहानी श्री आंजनेयुलु के मन में अंकित हो जाती थी।

श्री आंजनेयुलु एक विद्वान से संस्कृत सीखने लगे। वे कुछ ही समय में संस्कृत में धाराप्रवाह बातचीत करने लगे।

जब श्री आंजनेयुलु सात वर्ष के थे, तब उनके माता-पिता ने उनका उपनयन करवाया।

श्री आंजनेयुलु ने नित्यकर्म-अनुष्ठानों में उपयुक्त मन्त्रों को अति निष्ठापूर्वक सीखा और ब्रह्मचारी के लिए शास्त्र द्वारा विहित नियमों का बहुत ठीक-ठीक पालन किया। गायत्री मन्त्र का जप करने में उन्हें बहुत आनंद मिला।



श्री आंजनेयुलु ने अपने पिता से यजुर्वेद सीखा। वे 'एकसन्त-ग्राही'# निकले।

श्री आंजनेयुलु ने दूसरों के घर पर अपने पिता द्वारा कारित धार्मिक संस्कारों को देखा और जब कभी आवश्यक हो, उनकी सहायता की।

उचित समय पर श्री आंजनेयुलु ने कृष्ण यजुर्वेद में महारत प्राप्त कर ली। वे गुंटूर जिले की वेदप्रवर्धक विद्वत्परीक्षा में उत्तम-श्रेणी प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए।

जब श्री आंजनेयुलु नौ वर्ष के थे, तब वे शुद्ध संस्कृत में छंदों की रचना कर सकते थे। उन्होंने कई संस्कृत भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पुरस्कार जीते।

एक दिन एक व्यक्ति अवधानी को ढूँढ़ते हुए आए।

हालाँकि, अवधानी का पुनरागमन में विलंब हुआ। श्री आंजनेयुलु ने स्वयं पौरोहित्य निभाया।



तब तक श्री आंजनेयुलु ने केवल कुछ ही अवसरों पर अपने पिता को उपनयन कराते हुए देखा था।

बस एक ही बार पढ़ाए जाने पर किसी विषय को भी ग्रहण करने वाले ।

शृङ्गेरी श्री शारदा पीठ के 35वें पीठाधीश्वर परमपूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य श्री अभिनव विद्यातीर्थ महास्वामी जी 1961 में विजयवाडा में रुके हुए थे। वे सद्गुणों के प्रतिमान, शास्त्रों पर अनुपम प्राधिकार, सिद्ध योगी, आदर्श जीवन्मुक्त# और करुणा के सागर थे।



विजयवाडा में एक स्थानीय विद्वान जगद्गुरु के दिव्य सान्निध्य में श्री आंजनेयुलु को अपने साथ ले गए। उन्होंने उनका परिचय दिया।



जगद्गुरु तो बालक से संस्कृत में संभाषण करने लगे। वे उनके संस्कृत भाषण और दोषरहित वेदपाठ को सुनकर प्रभावित हुए।



जगद्गुरु ने आंजनेयुलु को रेशम का शाल ओढ़ाया, आशीर्वाद दिए और उन पर अपनी दिव्य दृष्टि डाली।



श्री आंजनेयुलु जगद्गुरु की दया के प्रवाह से द्रवित हुए।



जो जीवित रहते हुए भी संसार बंधन से मुक्त हैं।

तदुपरान्त, जब परमपूज्य जगद्गुरु नरसरावपेट पधारे, तब श्री आंजनेयुलु जगद्गुरु के दर्शन लेने गए। जगद्गुरु ने श्री आंजनेयुलु से संस्कृत में संभाषण किया।





श्री आंजनेयुलु ने स्थलीय नगरपालिका उच्च विद्यालय में अपनी लौकिक शिक्षा प्राप्त की। वे शिखा रखते हुए पारंपरिक धोती पहनकर विद्यालय गए। एक मेधावी छात्र होने के नाते, वे अपनी कक्षा में सदैव प्रथम स्थान पर ही रहे।

बाद में उनके विद्यालय में शिक्षा का माध्यम तेलुगू से अंग्रेज़ी में बदला गया। इसके कारण छात्रों ने कहीं और पढ़ने का तय किया।

मुख्याध्यापक सही निकले। श्री आंजनेयुलु ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

उन्होंने स्वयं को हितकारक गतिविधियों में ही लगाया। दैनंदिन अनुष्ठान करना, वेद का पाठ करना, संस्कृत सीखना, विद्यालय जाना और निष्ठापूर्वक पढ़ना, मंदिर जाना और माता-पिताओं की सहायता देना – इनके अंतर्गत थे।



उनमें दृढ़ वैराग्य और शास्त्र-अध्ययन करने की तीव्र इच्छा लगातार बढ़ती रही।



फरवरी 1966 में जगद्गुरु नरसरावपेट पधारे। श्री आंजनेयुलु ने उनके दर्शन किए। कुछ महीनों के बाद, श्री आंजनेयुलु ने अपने जीवन बदलनेवाला निर्णय लिया।

वे विजयवाडा में रेल चढ़े और उज्जैन गए, जहाँ जगद्गुरु चातुर्मास्य व्रत# अनुष्ठान करने वाले थे।

1 जुलाई 1966... श्री आंजनेयुलु उज्जैन पहुँचे और जगद्गुरु के पावन चरणों में साष्टांग दण्डवत हुए।

बरसात में दो महीने तक एक ही स्थान पर रहते हुए, परम सत्य पर मनन करने का संन्यासियों का व्रत। इस समय वे अपने शिष्यों को आध्यात्मिक विद्या प्रदान करते हैं।

अरे, तुम, संस्कृत में बोलने वाला लड़का! यहाँ क्यों आए हो?

गुरुजी, मैं आपके चरणों में शास्त्र सीखने का दृढ़ संकल्प लेकर आया हूँ।

अच्छा, तुम यहाँ रुक सकते हो। मैं तुम्हें पढ़ाऊँगा।

वहाँ पहुँचने के बाद, उन्होंने अपने माता-पिता को पत्र लिखा।

... मैं अब उज्जैन में हूँ ... मेरे जीवन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए, जगद्गुरु के चरणों में आया हूँ। मेरे बारे में चिंता मत कीजिए ...

परमपूज्य जगद्गुरु ने श्री आंजनेयुलु को अपनी देख-रेख में रखा और उनको न्याय-शास्त्र# का एक ग्रंथ पढ़ाने लगे।

उज्जैन से जगद्गुरु ने भारत और नेपाल में अपनी यात्रा को जारी रखा और श्री आंजनेयुलु को अपने साथ ले चले। उनकी इस यात्रा में उन्होंने – नई दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, हैदराबाद और बेंगलूरु जैसे नगरों में, एवं मथुरा, बृन्दावन, कुरुक्षेत्र, नैमिषारण्य, अयोध्या, काठमाण्डु, तारकेश्वर, गया, प्रयागराज, वाराणसी, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, जोशीमठ, बद्रीनाथ, श्रीनगर, पंचवटी, नासिक, श्रीशैलम, हंपी इत्यादि पुण्य क्षेत्रों में – संचार किया।

भारतीय तार्किक दर्शन शास्त्र।

शृङ्गेरी लौटने पर जगद्गुरु ने श्री आंजनेयुलु को न्याय-शास्त्र पढ़ाने के लिए एक प्रख्यात न्याय-शास्त्र विद्वान को नियुक्त किया। श्री आंजनेयुलु ने उन्हें प्रातःकाल पढ़ाए गए पाठ को, उसी शाम तक उस विद्वान के समक्ष बिना त्रुटि के पुनरावृत्ति की। किसी भी दर्शक को ऐसा प्रतीत होता था कि श्री आंजनेयुलु ही उस विद्वान को पढ़ा रहे हों। उनकी ग्रहण शक्ति और प्रतिपादन सामर्थ्य ऐसे थे।

जगद्गुरु ने दयापूर्वक अपने शिष्य की देखभाल की और उनकी प्रगति पर ध्यान रखा। जगद्गुरु ने स्वयं श्री आंजनेयुलु को न्याय शास्त्र के चुनिन्दा प्रौढ़ ग्रन्थों को सिखाया।



जगद्गुरु ने अपने शिष्य से कहा कि उन्हें योगासन और प्राणायाम करते अनुवीक्षण करे और उन्हें करना सीखे।



ब्रह्मचारी ने अपने संपर्क में आए सभी लोगों को अपने ठीक-ठीक नियमाचरण, तीव्र विरक्ति तथा विनम्र चाल-चलन से प्रभावित किया।

मठ के भक्त उनको आदरपूर्वक उपहार या धन देने आगे बढ़े। लेकिन उनके वैराग्य और तृप्ति ऐसे थे कि उन्होंने किसी से कुछ भी लेने से मना किया।

महागणपति वाक्यार्थ विद्वत्सभा# में ब्रह्मचारी ने अपने अति उत्कृष्ट शास्त्रार्थ-व्याख्यान से सभी को प्रभावित किया।

यह युवक शास्त्र को बहुत अच्छे ढंग से प्रतिपादित करता है। निश्चित रूप से उस पर श्री शारदाम्बा और जगद्गुरु के विशिष्ट अनुग्रह हैं।

एक दिन श्री शारदाम्बा मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करने के बाद, जगद्गुरु कुछ समय ध्यानमग्न रहे। फ़िर उन्होंने बाहर आकर घोषणा की...

दिव्य माता की सहमति के साथ, मैंने अपने उत्तराधिकारी शिष्य के रूप में सीताराम आंजनेयुलु को चुना है।

शास्त्र नियम के अनुसार, संन्यास स्वीकार करने के पिछले दिन, ब्रह्मचारी उपवास रखते हुए पूरी रात जागते रहे।

परमपूज्य जगद्गुरु ने श्री सीताराम आंजनेयुलु को 1974 नवम्बर 11 के दिन संन्यास दीक्षा दी।

प्रतिवार्षिक सभा जिसमें देश भर के विद्वान भाग लेते हैं और शास्त्रों के नाना विषयों पर वाद-विवाद करते हैं।

फ़िर जगद्गुरु ने नव संन्यासी को प्रणव मन्त्र # और महावाक्यों * का उपदेश दिया और उन्हें भारती तीर्थ योगपट्ट से अनुग्रह किया।



अगले कुछ दिनों में, जगद्गुरु ने स्वयं शिष्य-स्वामीजी को संन्यासी के दैनन्दिन अनुष्ठान सिखाया, तथा नरसिंह, दक्षिणामूर्ति और श्रीविद्या जैसे कई मन्त्रों की दीक्षा दी।

जब जगद्गुरु श्रीविद्या मन्त्र की दीक्षा प्रदान कर रहे थे, तब एक चमत्कारपूर्ण घटना घटी।



आप भाग्यशाली हैं। जब मैं ध्यान-श्लोक का उच्चारण कर रहा था, तब मैंने भगवती का एक आकर्षक दर्शन पाया और मैं समाधि ** में बलात् खींचा गया।



एक दिन शारदम्बा मंदिर में दर्शन लेने के बाद...



वेदान्त शास्त्र द्वारा दर्शित परम सत्य में जगद्गुरु अड़िग प्रतिष्ठित थे। उन्होंने स्वयं पूर्णरूप से वेदान्त शास्त्र को गहराई से और उसके परिपूर्ण माहात्म्य सहित शिष्य-स्वामीजी को सिखाया।

ॐ-कार। * जीवात्मा और परमात्मा के अभेद प्रतिपादक, वेदों में उपलब्ध, प्रगाढ़ उक्तियाँ महावाक्य हैं।
** गहरी ध्यान स्थिति।

शृङ्गेरी, मई 1979... आध्यात्मिक ज्ञान के प्रचार हेतु श्री आद्य शंकराचार्य जी द्वारा द्वारा स्थापित चारों आम्नाय पीठों के शंकराचार्यों का एक ऐतिहासिक शृंग सम्मेलन सम्पन्न हुआ।



इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में शिष्य-स्वामीजी ने शुद्ध संस्कृत में अपना व्याख्यान दिया, जिससे जगद्गुरु, अन्य तीन शंकराचार्य और उपस्थित भक्तजन मंत्रमुग्ध हो गए।



शिष्य-स्वामीजी ने स्वयंस्फूर्ति से अपने गुरु पर दो स्तोत्रों की रचना की। पहले स्तोत्र# में उन्होंने अपने गुरु को परब्रह्म के रूप में एवं मानुष-रूप में अवतरित भगवान के रूप में वर्णन किया। दूसरे स्तोत्र * में उन्होंने योग की पराकाष्ठा निर्विकल्प-समाधि में स्थित अपने गुरु का वर्णन किया और उनसे प्रार्थना की –

जगद्गुरु ने सनातन धर्म के संपोषण और प्रसार हेतु भारत के नाना राज्यों में यात्राएँ कीं। शिष्य-स्वामीजी भी जगद्गुरु के साथ गए। शिष्य-स्वामीजी को अपने उत्तराधिकारी शिष्य स्वीकार करने के उपरांत, जगद्गुरु 1975 में रामेश्वरम में श्री रामनाथ स्वामी मंदिर का कुंभाभिषेक के लिए, अपनी प्रथम यात्रा पर निकले। दो अखिल भारत दिग्विजय यात्राओं में से पहली यात्रा का प्रेरक, वाराणसी में 1977 में अन्नपूर्णा माँ के मंदिर का कुंभाभिषेक रहा। जगद्गुरु और शिष्य-स्वामीजी द्वारा हर एक स्थान पर दिए प्रवचनों ने श्रोताओं को मुदित किया और उनका उत्थान भी किया।

श्री-अभिनव-विद्यातीर्थ-अक्षरमाला-स्तोत्रम्। * श्री-गुरु-ध्यानम्।

1980 में शबरीमला यात्रा के दौरान, शिष्य-स्वामीजी ने तत्क्षण रचित पद्य से अय्यप्प-स्वामी और अपने गुरुजी की स्तुति की। उनमें से एक श्लोक में उन्होंने कहा –

अपने गुरु के निर्देश पर, शिष्य-स्वामीजी ने 1983 से लेकर, स्वतंत्र रूप से विजय-यात्रा करना शुरू किया। यात्राओं में घटित घटनाओं के बारे में पत्रों के माध्यम से अपने गुरुजी को बताते रहे।

जगद्गुरु ने अपने उत्तर भेजे –

शिष्य को अपने गुरु का अनुकरण करना चाहिए – शास्त्रों के इस आदेश को ठीक-ठीक शिष्य-स्वामीजी ने पालन किया। लोगों ने जगद्गुरु और उनके शिष्य दोनों के शब्दों में समानता देखी।



एक अवसर पर कुछ पत्रकारों ने जगद्गुरु और शिष्य-स्वामीजी के अलग-अलग संदर्शन किए। फ़िर वे बोले –



जगद्गुरु और उनके शिष्य-स्वामीजी के बीच के संबंध की प्रशंसा करते हुए, प्रतिष्ठित विद्वान डॉ. मंडन मिश्र एक बार जगद्गुरु से बोले –

1989 सितंबर 21 को, परमपूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य श्री अभिनव विद्यातीर्थ महास्वामीजी, जो पूर्णता के प्रतीक थे, अपनी आँखें मूँद कर बैठे, अपने भौतिक शरीर को त्याग किया और अनन्त परब्रह्म में एकीभूत हो गए।



अगले दिन, जगद्गुरु के भौतिक शरीर को भूगत करके, श्री भारती तीर्थ स्वामीजी ने जगद्गुरु के समाधि स्थल# पर एक मृण्मय लिंग की आराधना की।

अपने एक सार्वजनिक प्रवचन में श्री भारती तीर्थ स्वामीजी ने कहा–



श्री भारती तीर्थ स्वामीजी द्वारा रचित जगद्गुरु की अपार महिमा पर एक नमन-श्लोक और उनकी अष्टोत्तर-शत-नामावली * सारे भक्तों को उपलब्ध कराया गया।

1989 अक्टूबर 19 को शृङ्गेरी शारदा पीठ के 36वें जगद्गुरु शंकराचार्य के रूप में परमपूज्य श्री भारती तीर्थ महास्वामी जी प्रतिष्ठापित हुए।

महास्वामीजी को शारदाम्बा मंदिर के गर्भगृह में मठ के प्रशासक द्वारा सम्मानपूर्वक ले जाया गया।

गुरु के भौतिक शरीर भूगत किए गए पवित्र स्थल। * 108 पवित्र नामावली।

महास्वामीजी के दैनिक कार्यक्रम कस कर भरा रहता है। वे प्रातः 4 बजे से पहले स्नान करके अपने नित्य अनुष्ठान करते हैं। फ़िर अपने गुरुजी के पवित्र पादुकाओं की पूजा करके, उनके अधिष्ठान-मंदिर में उनका दर्शन करते हैं। बाद में कुछ समय के लिए एकांत में शास्त्र विचार में मग्न होकर आनंद लेते हैं।



प्रातः लगभग 10:30 बजे तक, उपस्थित सारे भक्तों को दर्शन देकर, उनसे संभाषण करके उनको आशीर्वाद देते हैं।

प्रति शुक्रवार, मठ के मंदिरों में दर्शन करने जाते हैं। विशेष रूप से शारदाम्बा मंदिर में कुछ समय बिताते हैं।

12:30 बजे के लगभग, दुबारा स्नान करके माध्याह्निक अनुष्ठान करते हैं। इसके बाद ही भिक्षा# स्वीकार करते हैं।

शाम के 5:30 बजे के आसपास, भक्तों को दर्शन देते हैं। विशेष दिनों में अनुग्रह भाषण भी देते हैं। महास्वामीजी पुनः स्नान करके अपने सायंकालीन अनुष्ठान करते हैं।

शाम के 4 बजे के लगभग, भक्तों द्वारा भेजे हुए पत्रों और, आवश्यक हो तो, मठ के कामकाजों के लिए समय देते हैं।



महासवामीजी रात 8:30 बजे चन्द्रमौलीश्वर की पूजा करते हैं। इसके अतिरिक्त, हर शुक्रवार श्रीचक्र-पूजा करते हैं। कुछ समय शास्त्र ग्रंथों का अवलोकन करने के बाद, रात 11 बजे विश्राम करते हैं।

भोजन।

महास्वामीजी शास्त्रों पर सर्वोच्च अधिकारिक विद्वान के रूप में व्यापक रूप से सम्मानपूर्वक माने जाते हैं। शृङ्गेरी में आयोजित वार्षिक महागणपति वाक्यार्थ विद्वत्सभा – जिसमें भारत के विभिन्न प्रदेशों से विद्वान भाग लेते हैं – उसमें महास्वामीजी चर्चा की अध्यक्षता एवं उसका परिनियंत्रण करते हैं।



महास्वामीजी की विद्वत्ता तो पण्डितों को विस्मित करने से कभी नहीं चूकी। एक प्रतिष्ठित समकालीन विद्वान बोले –

सदैव व्यस्त होते हुए भी, महास्वामीजी परिश्रम लगाकर पुराने और अप्रकाशित शास्त्र पाण्डुलिपियों की, तत्रापि वेदान्त के ग्रंथों की, जाँच करते हैं, उनका पर्यालोचनात्मक संपादन करते हैं और उन्हें मठ के अनुसंधान केन्द्र के माध्यम से प्रकाशित करते हैं।

अपने गुरुदेव पर रचित स्तोत्रों के अतिरिक्त, उन्होंने पूर्व जगद्गुरुओं और देवताओं पर कई भक्ति-कविताओं की रचना की है। वे स्तोत्र अर्थ-गर्भित और सौन्दर्य से भरे हैं।

महास्वामीजी बहुभाषी हैं। वे शुद्ध संस्कृत, कन्नड, तेलुगु, तमिल और हिन्दी भाषाओं में वाक्पटुता से प्रवचन देते हैं। उनके व्याख्यान अत्यंत स्पष्ट एवं अर्थ-गर्भित हैं और अनायास दिए जाते हैं। उनकी अनुकरणीय विद्वत्ता और विस्मयकारक स्मरण शक्ति का छाप उन पर अवश्य बना रहता है।





उन्होंने कई बार न्याय और वेदान्त शास्त्र पाठ पढ़ाए। एक शास्त्र को पढ़ाने में वर्षों लग जाते हैं।

अपने प्रवासों के समय बहुत व्यस्त होने पर भी, उन्होंने अपनी कक्षाओं को, विशेष रूप से अचूक नियमितता के साथ, बनाए रखा। वे शास्त्रों को पढ़ाना बहुत महत्वपूर्ण मानते हैं।

वे यूँ ही एक जटिल निबंध को भी लेकर, तत्क्षण ही उसका एकदम सटीक भाषानुवाद अद्भुत रूप से इस तरह प्रस्तुत कर सकते हैं कि श्रोता को लगता है कि महास्वामीजी उस दूसरी भाषा में ही रचित निबंध को यूँ ही पढ़कर सुना रहे हैं।

समान आसानी से, महास्वामीजी न केवल दार्शनिक विषयों को पारिभाषिक भाषा में पंडितों को प्रतिपादित करते हैं, किंतु आम लोगों को सरल तरीके से, लेकिन बिना यथार्थता की हानि के, समझाते भी हैं। एक बार एक भक्त ने पूछा –





दूसरे शिष्य ने पूछा –

एक भक्त ने उन्हें अपनी चिंता प्रस्तुत की –

एक दम्पति शृङ्गेरी आए। पत्नी ने महास्वामीजी से अपना शोक प्रकट किया।





एक शिष्य के घर पर पादपूजा# चल रही थी। नैवेद्य लाए जाने पर महास्वामीजी ने देखा कि वह बहुत गर्म था। उन्होंने अपने पास रखे पंखे को उसकी ओर यूँ ही मोड़ दिया।



नैवेद्य को हवा ठंडा करने लगी। तब महास्वामीजी ने ललिता-सहस्रनाम* से देवी के एक नाम चुनकर, उस पर प्रकाश डाला।



बाद में उस शिष्य ने कहा –



उनके लिए पूजा की मूर्तियाँ केवल जड़ वस्तुएँ नहीं थीं। वे इस बात पर जोर देते हैं कि पूजा करते समय हमें मूर्ति में देवता की जीवित उपस्थिति को अनुभव करना चाहिए।



एक व्यक्ति महास्वामीजी से बातचीत कर रहा था।

देवी भगवती के पवित्र पादुकाओं की पूजा। * देवी के 1008 दिव्य नामावली।

मैंने आपके लौकिक धन के बारे में नहीं पूछा। जीवन समाप्त होते वक्त सारी संपत्ति अवश्य छोड़नी पड़ेगी।

फ़िर मैं क्या कमाऊँ और अपने लिए बचाऊँ, गुरुजी?

आपको पुण्य कमाना है। शास्त्र विहित स्वकर्म-आचरण, सत्पात्र दान इत्यादि से पुण्य प्राप्त होता है। यही सच्चा धन है। इसे अधिक मात्रा में प्राप्त करें।

आपने मेरी आँखें खोल दीं, गुरुजी। मैं आपके निर्देशानुसार करूँगा।

एक व्याख्यान में महास्वामीजी ने एक श्लोक का उल्लेख करते हुए सिखाया कि धर्म कैसे भला करता है –

धर्म पालन करने वाले की सहायता के लिए पशु भी आ जाते हैं, जबकि गलत मार्ग पर चलने वाले को उसका भाई भी छोड़ देता है।

भगवान राम को वानरों ने भी सहारा दिया।

विभीषण ने अपने ही भाई रावण को त्याग दिया और भगवान श्रीराम की शरण ली।

महास्वामीजी ने एक शिष्य को उपदेश दिया –

कुछ लोग कहते हैं कि वे ईश्वर के लिए थोड़ा समय भी नहीं निकाल सकते हैं। यह अस्वीकार्य है। लगता है कि उनके पास दूसरे सारे काम के लिए समय रहता है। प्रतिदिन कम-से-कम कुछ मिनट भगवान के सोचविचार में बिताएँ। आप मनः शांति और आनंद का अनुभव करेंगे।

यदि आप चाहते हैं कि आपके बच्चे अच्छे काम करें तो पहले आपको ऐसा करना चाहिए। उनके लिए अनुकरण-योग्य आदर्श बनें।

एक भक्त ने महास्वामीजी से विनती की –

मैं गुस्सैल से पीड़ित हूँ जो भड़क उठते ही मुझे पूरी तरह पराजित कर देता है। मैं आपके मार्गदर्शन के लिए प्रार्थना करता हूँ।

क्रोध तो अपने आश्रयदाता को ही विनाश कर देता है। हमें यत्नपूर्वक उसे दूर करना चाहिए। आगे चलते, जब भी आपको क्रोध उदित होने ही वाला लगता है तो खुलकर हँसें।

महास्वामीजी के एक व्यावहारिक परामर्श से जुड़े यह प्रसंग एक पुस्तक# में प्रकाशित हुआ था। दुबई के एक यात्री ने मुम्बई हवाई अड्डा में इस पुस्तक को उठाकर पढ़ा, जिसे किसी दूसरे यात्री ने वहाँ अकस्मात् छोड़ दिया था।

उस व्यक्ति ने फ़िर दुबई से मठ के नाम एक पत्र लिखा।

दुबई : 15/03/2003

पूज्य महाराज,

मैंने क्रोध को नियंत्रित करने के बारे में महाराज के एक परामर्श को लागू किया। इसकी वजह से एक बड़ी दुर्घटना निवारित हुई, जब मेरे व्यापारिक साथी और मैं आपस में गुस्से से लड़ रहे थे। उस दिन महाराज ने सचमुच मेरी जान बचाई।

इस प्रकार महास्वामीजी के उपदेश एक ऐसे व्यक्ति के भी काम आया जिसने अकस्मात् उसे पढ़ा था।

एक वैद्य ने महास्वामीजी से निवेदन किया कि उन्होंने कुछ ही दिन पहले अपना एक चिकित्सालय खोला है।

कृपया मुझे आशीर्वाद दें ताकि मैं इस वृत्ति में बहुत सफलता पाऊँ।

मैं आशीर्वाद देता हूँ कि आपके पास आने वाले सभी रोगी पूरी तरह से ठीक हो जाएँ।

वैद्य थोड़ा सा निराश हुआ।

अगर मैं आपको, "आपकी वृत्ति बहुत लाभदायक हो", ऐसे आशीर्वाद दूँ तो क्या मैं अप्रत्यक्ष रूप से आशीर्वाद नहीं देता कि बहुत से लोग बीमार पड़े? इसलिए मैंने आपको वैसा आशीर्वाद देना चाहा जैसे मैंने दिया।

भक्तों को आशीर्वाद देते समय भी महास्वामीजी विवेकशील हैं। वैद्य ख़ुश थे कि उनको और उनके यहाँ आने वाले रोगियों को भी आशीर्वाद मिला है।

'GLIMPSES OF GRACE', 2002, पृष्ठ 11.

एक शिष्य ने पूछा, "भगवान कैसे अनुग्रह करते हैं?"

यह विदित है कि व्यक्ति उचित विचारों के द्वारा ही अपनी किसी भी प्रयास में सफलता प्राप्त कर सकता है। शास्त्र वाणी है कि ईश्वर तो व्यक्ति के मन में सही विचारों को प्रेरित करके अनुग्रह करते हैं।

एक और दुविधा –

क्या यह आवश्यक नहीं है कि मुक्ति पाने हेतु व्यक्ति को सदैव अपने गुरु के निकट ही रहना चाहिए और उनकी सेवा करनी चाहिए?

यह आवश्यक नहीं हैं। आवश्यक तो यह है कि आप अपने गुरु के निर्देशों को निष्ठा से पालन करें। वह भी सबसे अच्छी सेवा होगी जिसे आप अपने गुरु को अर्पित कर सकते हैं।

वेदों और मुक्ति के बारे में –

गुरुजी, अद्वैतीयों का दावा है कि ब्रह्म के अतिरिक्त सब कुछ मिथ्या है। अगर यह सही है तो वेद भी असत्य होंगे। यदि वेद असत्य हैं तो उनसे सच्चा ज्ञान कैसे प्राप्त हो सकता है?

सुनो इस कहानी को। एक व्यक्ति इस सोच से मनोग्रस्त हो गया था कि जो भोजन उसने खाया था वह विषैला है, जबकि वैसा नहीं था।

इतना तीव्र था उसका भावनात्मक संकट कि वह शीघ्र ही अचेत हुआ और मर गया। इसी प्रकार, यद्यपि पारमार्थिक दृष्टि से वेद सत्य नहीं माने जाते हैं, फ़िर भी, मुक्तिप्रद ज्ञान पैदा कर सकते हैं।

संसार की असत्यता के बारे में –

हम संसार को देखते हैं और लोगों के साथ व्यवहार करते हैं। लेकिन अद्वैत की घोषणा है कि वह एकदम असत्य है। इसे कैसे समझना चाहिए, गुरुजी?

यह विश्व, देखे जाने के नाते, खरगोश के सींग जैसे 'असत्', यानी सर्वथा असत्य, नहीं है। न तो परब्रह्म जैसे विश्व 'सत्', माने पारमार्थिक सत्य, है। जो सत्य है, वह परिवर्तित या नष्ट नहीं होता। विश्व तो ऐसा नहीं है। इसलिए हम कहते हैं, "विश्व न तो सत्य है, न ही असत्य", तथा इसे केवल एक व्यावहारिक सत्य मानते हैं।

इतना ही नहीं, विश्व का व्यावहारिक सत्य, ब्रह्म-सत्ता से स्वतंत्र नहीं है। परब्रह्म को साक्षात्कार करने पर, ज्ञानी संसार को एक अलग सत्य वस्तु के रूप में नहीं देखता। उसे अनुभवसिद्ध होता है कि "ब्रह्म ही यह सब कुछ है"।

शृङ्गेरी में प्रतिवर्ष आयोजित विद्वत्सभा में विकासमान विद्वानों को महास्वामीजी प्रोत्साहित करते हैं। उनसे त्रुटियाँ होने पर वे नरमी से ही उन्हें सुधारते हैं, लेकिन कभी भी उन्हें हतोत्साहित नहीं करते।

एक तथ्य को लक्षित करने, किसी को सुधारने या प्रोत्साहित करने और यहाँ तक कि परामर्श देने के लिए भी, महास्वामीजी द्वारा कई अवसरों पर चतुराई से सूक्ष्म हास्य और श्लेष प्रयोग किए गए हैं। एक बार, एक संस्कृत-उत्साही युवक उनके पास आया।

महास्वामीजी, मैंने आप पर संस्कृत में एक कविता रची है। लेकिन मुझे आशंका है कि इसमें व्याकरण संबंधी त्रुटियाँ हो सकती हैं।

महास्वामीजी ने कविता की जाँच की। उन्हें पता चला कि उसमें कई विभक्ति की त्रुटियाँ थीं। फ़िर भी, उन्होंने प्रोत्साहपूर्वक युवक से कहा –

मैं संस्कृत में लिखने के तुम्हारे उत्साह की सराहना करता हूँ। अपनी कविता में विभक्ति से जुड़े दोषों पर चिंता मत करो। मुझे तात्पर्य है केवल तुम्हारी भक्ति पर, न विभक्ति पर।

ऐसा कहते हुए उन्होंने युवा को आशीर्वाद दिया।

एक व्यक्ति ने अपने द्वारा की गई त्रुटि के लिए महास्वामीजी से क्षमा माँगी और अपने अनुचित आचरण को ध्यान में न रखने का अनुरोध किया। महास्वामीजी ने उसे यूँ आश्वासन दिया –

केवल आद्य शंकराचार्य जी द्वारा उपदिष्ट तत्त्व को ही अपने ध्यान में रखता हूँ। मेरे मन में दूसरे विचार नहीं लेता हूँ। इसलिए चिंता मत करो।

एक उत्तर-भारतीय आध्यात्मिक आकांक्षी शृङ्गेरी आया। उसमें अपनी साधना से जुड़ा एक संदेह था। इसके बारे में महास्वामीजी से पूछना चाहा। हालाँकि, झिझक के कारण पूछ नहीं सका। महास्वामीजी का एक प्रवचन चल रहा था।



भाषण कन्नड़ भाषा में था, जिससे उस व्यक्ति अपरिचित था। अचानक, महास्वामीजी ने उस साधक की ओर देखकर मुस्कुराते हुए संस्कृत में एक श्लोक सुनाया।

उसे अवगत हुआ कि महास्वामीजी द्वारा उल्लिखित श्लोक में, उसके अनुक्त प्रश्न का उत्तर था। भाषण समाप्त होने पर, उसने एक व्यक्ति से अपना अनुभव साझा किया, जिससे वह शृङ्गेरी में परिचित हुआ था।

महास्वामीजी सहज रूप से आशीर्वाद देते हैं और बच्चों के साथ हँसी-ख़ुशी से बातचीत करते हैं।

उन्होंने दैहिक और मानसिक दिव्यांगजनों को विशेष रूप से आशीर्वाद दिया है। उनके बीच अभावग्रस्त लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान की है।



हजारों लोग महास्वामीजी के आशीर्वाद, सहायता और मार्गदर्शन के लिए उनके पास आते हैं। वे सभी को अनुग्रह करते हैं। जब लोग उनसे निवेदन करने आते हैं कि वे उनकी प्रार्थना पूरी की, तब, निरहंकार होने के नाते, वे कभी भी श्रेय नहीं अपनाते हैं।



पशुओं में से गायें, हाथी और हिरणे उनके ध्यान, दया और संरक्षण के पात्र हैं। उनके निर्देशानुसार, शृङ्गेरी और भारत के कई दूसरे स्थानों पर उत्कृष्ट प्रकार से संधृत गोशालाओं में कई गायों की देखभाल की जा रही है और उनको आश्रय दिया जा रहा है।

कभी कभी महास्वामीजी स्वयं मठ के हाथियों को फल और अन्य खाद्य पदार्थों को खिलाते हैं।

एक बार, एक हाथी एकाएक रोगग्रस्त हो गया और चल नहीं पाया। महावत और अन्य लोगों के प्रयासों से कोई सुधार नहीं हुआ। जब एक मठ की कर्मचारी ने इसकी सूचना महास्वामीजी को दी, तो उन्होंने कुछ क्षणों के लिए अपनी आँखें मूँद लीं। फ़िर उन्होंने कहा –

बीमार हाथी के माथे पर पवित्र प्रसाद लगाने के तुरंत बाद, वह चलने लगा, जिससे वहाँ सभी ख़ुश हो हुठे।



परिचारक लौट आया –



1989 में पीठाधीश्वर बनने के बाद, महास्वामीजी ने आठ प्रमुख विजय-यात्राएँ की, जिनमें व्यापक रूप से धर्मप्रचार किया, कई संस्थाओं की स्थापना की और अनेक मंदिरों का प्रतिष्ठापन किया।



पीठाधिपती के रूप में, उनकी पहली विजय-यात्रा नवम्बर 1991 से फरवरी 1992 तक चली जो कर्नाटक, केरल और तमिल नाडु के कुछ भागों में थी।

1992-93 में की गई दूसरी यात्रा में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के अतिरिक्त महाराष्ट्र भी था।

अगली अखिल भारतीय यात्रा, मई 1994 से जुलाई 1995 तक, कश्मीर से कन्याकुमारी तक, विस्तृत रही।

2001 में, महास्वामीजी श्री रामनाथ जी मंदिर के कुंभाभिषेक के लिए रामेश्वरम गए।

2007 अप्रैल से नवम्बर तक, महास्वामीजी का प्रवास कर्नाटक, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में फैला था।

2010 में, महास्वामीजी के एक महीने का प्रवास कालडी और इसके आसपास में रहा।

2012-13 के समय, महास्वामीजी ने कर्नाटक, केरल, तमिल नाडु और आन्ध्र प्रदेश राज्यों की यात्रा की।

2017 का प्रवास कर्नाटक, तमिल नाडु और केरल में फैला था।

कई राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों, राज्यपालों, केंद्र और राज्य सरकारों के मंत्रियों, विभिन्न दर्शनों और आस्थाओं के नेताओं ने महास्वामीजी के प्रवासों के समय, एवं शृङ्गेरी में भी, उनके दर्शन किए।

महास्वामीजी का पीठाधिपत्य काल कई महान घटनाओं से भरा हुआ है। मठ की परियोजनाएँ शृङ्गेरी और अन्य स्थानों में बहुत लोगों को लाभ पहुँचायीं।

उन्होंने 1990 में तुंगा नदी के पार एक भव्य पुल का उद्घाटन किया। अपने सचमुच बहुआयामी गुरु – जिन्होंने इस पुल की योजना बनाई और इसके निर्माण का अधिकांश का निरीक्षण किया – उनके सम्मान में उन्होंने इसका नाम 'श्री विद्यातीर्थ सेतु' रखा।

अपने गुरु के लिए एक उचित श्रद्धांजलि के रूप में, महास्वामीजी ने शृङ्गेरी में उनके समाधि स्थल पर एक सुंदर अधिष्ठान मंदिर – 33वें और 34वें पीठाधीशों के समाधि अधिष्ठानों से सटा हुआ –उसका निर्माण किया। उन्होंने 1993 में इसका प्रतिष्ठापन किया।



महास्वामीजी ने 1996 में, शृङ्गेरी में प्रकृतिसुंदर कालभैरव पहाड़ी पर निर्मित वेद-शास्त्र पाठशाला के नूतन भवन का उद्घाटन किया।





1999 में देवी शारदाम्बा को एक स्वर्ण रथ समर्पित किया गया। दो वर्ष बाद, मंदिर के गर्भगृह के रजत द्वारों को सुवर्ण द्वारों में बदला दिया गया, और इसकी भीतरी भित्तियाँ स्वर्ण से लिपटी गईं।

शृङ्गेरी आने वाले भक्तों की भीड़ की सुविधा के लिए 1999 में, महास्वामीजी ने रसोई से जुड़े एक विशाल भोजनशाला का उद्घाटन किया। 10,000 से अधिक शाला छात्रों को प्रतिदिन मठ की रसोई से नि:शुल्क भोजन भेजा जाता है।



2001 में श्री शंकर अद्वैत अनुसंधान केंद्र शृङ्गेरी में स्थापित किया गया। महास्वामीजी के निर्देशानुसार, शास्त्र-ग्रंथों का प्रकाशन भी इसकी गतिविधियों के अंतर्गत है। इसमें एक पांडुलिपि संग्रहालय है।

श्री शंकर अद्वैत अनुसंधान केंद्र, शृङ्गेरी

2003 में, महास्वामीजी ने 'गुरु निवास' का उद्घाटन किया, जो शृङ्गेरी में उनका निवास स्थान है। इसमें एक विशाल हॉल है, जहाँ भक्तजन उनके दर्शन करते हैं और उनसे की जाने वाली चंद्रमौलीश्वर पूजा देख सकते हैं।

गुरु निवास, शृङ्गेरी

उनके निर्देशानुसार, 2006 में आरंभ की गई 'गीता ज्ञान यज्ञ' योजना के अंतर्गत, भगवद्गीता के 18 अध्यायों को कंठस्थ करके पाठ करने वाले प्रति व्यक्ति को, प्रमाण पत्र और धन पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। महास्वामीजी विजेताओं को अनुग्रह करते हैं और स्वयं अंतिम चरण की परीक्षा भी किए हैं ।



2007 में शृङ्गेरी के नरसिंह-वन में भगवान वेद व्यास जी का मंदिर महास्वामीजी द्वारा प्रतिष्ठापित किया गया।

चारों आम्नाय पीठों के शंकराचार्य – शृङ्गेरी श्री शारदा पीठ के श्री भारती तीर्थ महास्वामी जी, द्वारका और बद्री पीठों के श्री स्वरूपानन्द सरस्वती महास्वामी जी, और पुरी गोवर्धन पीठ के श्री निश्चलानन्द सरस्वती महास्वामी जी – इनके सम्मेलन 1993 में शृङ्गेरी में, और फ़िर 2007 में बेंगलूरु में, सम्पन्न हुए।



कालडी में जगद्गुरु श्री आद्य शंकराचार्य जी के जन्मस्थान का पुनराविष्कार 33वें पीठाधीश्वर द्वारा किया गया था। इसका शताब्दी समारोह 2010 में कालडी में आयोजित किया गया। वहाँ के मंदिरों का नवीकरण और कुंभाभिषेक संयोजित किए गए।

महास्वामीजी ने शृङ्गेरी में जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य जी के मंदिर को नव शोभायमान रूप में परिवर्तित किया और 2011 में इसका कुंभाभिषेक किया।



शारदा पीठ के इतिहास में पहली बार 2011 में, एक भव्य 'अयुत चण्डी यज्ञ'# का अनुष्ठान हुआ। 1200 से अधिक ऋत्विजों से अनुष्ठित इस याग में लोक कल्याण हेतु देवी की कृपा प्रार्थित की गई। तब महास्वामीजी नम्रतापूर्वक बोले –



2014 में महास्वामीजी द्वारा प्रकाशित इंटरनेट-आधारित 'अद्वैत शारदा' द्वारा, लोग श्री आद्य शंकराचार्य जी के ग्रंथों और उन पर व्याख्याओं का अध्ययन व संशोधन कर सकते हैं। इस शब्दराशि में हाइपर-लिंक, उल्लेख और शब्द-संधान आदि सुविधाएँ उपलब्ध हैं।



10,000 से अधिक बार दुर्गा सप्तशती पाठ पूर्वक हवन।

शृङ्गेरी में मठ के महाद्वार पर एक बृहत भव्य राजगोपुर का निर्माण किया गया। 2014 में महास्वामीजी ने इसका कुंभाभिषेक किया।



तोरण–गणपति स्वामी का सुन्दर मंदिर निर्मित हुआ। 2014 में महास्वामीजी द्वारा इसका प्रतिष्ठापन किया गया।

यात्रियों के लिए तीन बड़े अतिथि गृह – 'श्री शारदा कृपा', 'यात्री निवास' और 'भारती तीर्थ कृपा' – और प्रधानतः संन्यासियों के लिए 'तपस्वी कुटीर' एवं एक वृद्धाश्रम शृङ्गेरी में निर्मित हुए, जिनका उद्घाटन महास्वामीजी ने किया।

भारती तीर्थ कृपा, शृङ्गेरी

शृङ्गेरी, कालडी, बेंगलूरु, नई दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में, एवं अन्यत्र शिक्षण संस्थाएँ तथा अनुसंधान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनके अतिरिक्त, मठ द्वारा कई वेद पाठशालाएँ स्थापित की गई हैं।

श्री शारदा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट, नई दिल्ली



ज्ञानोदय स्कूल, बेंगलूरु

अपने गुरु द्वारा स्थापित और विकसित शारदा धन्वन्तरी धर्मार्थ चिकित्सालय का पोषण उनके द्वारा किया जा रहा है। बेंगलूरु# में एक कैंसर चिकित्सालय और एक बहु-विशिष्ट चिकित्सालय मठ के कुछ संयुक्त उपक्रम हैं।

रंगदोरे मेमोरियल अस्पताल, बेंगलूरु

श्री शंकर कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, बेंगलूरु

मठ के नव शाखाओं और धर्मार्थ संस्थाओं के शुभारंभ किए गए हैं। विद्यमान शाखाएँ विकसित किए गए हैं। अमेरिका और केनडा में संबद्ध-संस्थाएँ स्थापित की गई हैं और उनमें मंदिरों की प्रतिष्ठा की गई है।

श्री शृङ्गेरी भारती विद्याश्रम, चेन्नई

महास्वामीजी के आशीर्वाद से और भी चिकित्सालय, दूसरे शहरों में भी, निर्मित हो रहे हैं।

महास्वामीजी ने शृङ्गेरी में 2015 जनवरी 4 को एक सार्वजनिक सभा में घोषणा की –



श्री वेंकटेश्वर प्रसाद का जन्म 1993 जुलाई 24 को हुआ। एक धार्मिक दम्पति श्री कुप्पा शिवसुब्रमण्य अवधानी और श्रीमती सीता नागलक्ष्मी उनके माता-पिता हैं। छोटी उम्र में ही उन्होंने अपने पितामह और पिता से कृष्ण यजुर्वेद और उसका पद-पाठ# एवं क्रम-पाठ# को पूर्ण रूप से सीखा।

उन्होंने 2006 में शृङ्गेरी में महास्वामीजी के दर्शन किए। इनका उन पर गहरा प्रभाव पड़ा। फ़िर 2009 में शृङ्गेरी में उन्होंने महास्वामीजी से विनती की –

इस प्रकार, इतिहास दोहराया गया।

महास्वामीजी ने अपने शिष्य को न्याय और वेदान्त शास्त्रों को प्रतिबद्धता से संप्रदायानुसार पढ़ाया।



ब्रह्मचारी के भक्ति और वैराग्य से प्रसन्न होते हुए महास्वामीजी ने, उन्हें 2015 जनवरी 23 को संन्यास दीक्षा दी।



महास्वामीजी ने उन्हें प्रणव मन्त्र और महावाक्य के उपदेश दिए। उन्होंने उन्हें विधुखेर भारती योग-पट्ट दिया।



वेद के दो क्रमिक पाठ विधान।

महास्वामीजी ने अपने सूक्ष्मदर्शी एवं समर्पित शिष्य को न्याय एवं वेदान्त शास्त्रों को गहराई से पढ़ाना पूरा किया।



शारदाम्बा मंदिर के गर्भगृह के ऊपर स्थापित स्वर्ण शिखर का कुंभाभिषेक फरवरी 2017 में महास्वामीजी द्वारा किया गया।



जगद्गुरु श्री अभिनव विद्यातीर्थ महास्वामी जी के जन्म शताब्दी महोत्सव 2017 अक्टूबर 18 को मनाया गया।



महास्वामीजी एक प्रवचन में नम्रतापूर्वक बोले –



परमशिवावतार जगद्गुरु श्री आद्य शंकराचार्य जी से लेकर अपने दिव्य गुरुवर्य तक अतुलनीय आचार्यों की अविच्छिन्न गुरुपरम्परा को आगे बढ़ाते हुए, शृङ्गेरी श्री शारदा पीठ पर उसके 36वें शंकराचार्य के रूप में विराजमान – तीव्र वैराग्य, निष्कलंक चरित्र, अप्रतिम पाण्डित्य और दृढ़ पारंपरिकता से शोभित, प्रेरणाप्रद संत – परमपूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य श्री भारती तीर्थ महास्वामी जी, भक्तजनौघ पर अपने चुनिंदा आशीर्वाद बरसाते हैं।



ISBN 978-81-957509-4-8

Centre for Brahmavidya

List of Publications — June 2022

ENGLISH

Title: From Sorrows to Bliss
Pages: 232 | Subsidised price: ₹100/-
Author: A Disciple
ISBN: 978-81-944382-4-3

This publication comprises the invaluable teachings of His Holiness Jagadguru Sri Abhinava Vidyatheertha Mahaswamiji, the 35th Jagadguru Shankaracharya of Sringeri Sri Sharada Peetham, presented in four parts, namely, Definitive Answers, Motivating Narratives, Scriptural Expositions and Incisive Essays.



Title: 108 Facets of the Inimitable Guru
Pages: 302 | Subsidised price: ₹100/-
Authors: Dr. Meenakshi Lakshmanan & Dr. H. N. Shankar
ISBN: 978-81-950399-7-5

Elucidation of the Ashtottara-shata-namavali (108 sacred names) of His Holiness Jagadguru Sri Abhinava Vidyatheertha Mahaswamiji, the 35th Jagadguru Shankaracharya of Sringeri Sri Sharada Peetham, composed by His Holiness Jagadguru Sri Bharathi Theertha Mahaswamiji, the 36th Jagadguru Shankaracharya and the reigning Pontiff of the Peetham.

Title: Shankaracharya of Sringeri - His Holiness Jagadguru Sri Bharathi Theertha Mahaswamiji
Pages: 32 | Subsidised price: ₹50/-
Author: A Disciple
ISBN: 978-81-944382-8-1

A pictorial book portraying the life and teachings of His Holiness Jagadguru Sri Bharathi Theertha Mahaswamiji, the 36th Jagadguru Shankaracharya and the reigning Pontiff of Sringeri Sri Sharada Peetham.

HINDI

Title: Yog, Sakshatkar Tatha Jivanmukti
Pages: 247 | Subsidised price: ₹100/-
Translator: Vidwan Dr. Satheesha K. S.
ISBN: 978-81-950399-3-7

This is an invaluable wealth of information on the spiritual practices — Karma-yoga, Kundalini-yoga, Samadhi, deep contemplation on Brahman, etc. — of His Holiness Jagadguru Sri Abhinava Vidyatheertha Mahaswamiji, the 35th Jagadguru Shankaracharya of Sringeri Sri Sharada Peetham. It presents the spiritual journey of this great Yogi, an unmatched Advaita-Vedantin and a Jivanmukta par excellence.

Title: Paramapujya Jagadguru Sri Abhinava Vidyatheertha Mahaswami ji ki Shikshaprad Neetikathaen
Pages: 276 | Subsidised price: ₹100/-
Translator: Sri Divyasanu Pandey
ISBN: 978-81-950399-2-0

His Holiness Sri Abhinava Vidyatheertha Mahaswamiji, the 35th Jagadguru Shankaracharya of Sringeri Sri Sharada Peetham was a rare sage who rendered even highly complex scriptural topics easily intelligible to even common folk through His narratives. This is a compilation of stories conceived by Him on the spot or based on the Vedas, Ramayana, Mahabharata, Puranas, etc.

Title: Dukhon Se Paramanand Tak
Pages: 336 | Subsidised price: ₹120/-
Translator: Hindi Martand Sri K. V. Srinivasa Murthy
ISBN: 978-81-950399-1-3

This publication comprises the invaluable teachings of His Holiness Jagadguru Sri Abhinava Vidyatheertha Mahaswamiji, the 35th Jagadguru Shankaracharya of Sringeri Sri Sharada Peetham, presented in four parts, namely, Definitive Answers, Motivating Narratives, Scriptural Expositions and Incisive Essays.

Title: Sringeri Shankaracharya - Paramapujya Jagadguru Sri Bharathi Theertha Mahaswami Ji
Pages: 32 | Subsidised price: ₹50/-
Author: Smt. Jayasree Venkateswaran
ISBN: 978-81-950399-6-8

A pictorial book portraying the life and teachings of His Holiness Jagadguru Sri Bharathi Theertha Mahaswamiji, the 36th Jagadguru Shankaracharya and the reigning Pontiff of Sringeri Sri Sharada Peetham.

Centre for Brahmavidya
SVK Towers, 8th Floor, A25, Industrial Estate, Guindy
Chennai 600032; INDIA
Email: contact@centreforbrahmavidya.org

To place orders:
www.centreforbrahmavidya.org

Contact (WA):
K. Venkataramanan: +91-7397487666
K. Parthasarathy: +91-7358388704

Centre for Brahmavidya

List of Publications — June 2022

TAMIL

Title: Jagadguruvin Sollamudam
Pages: 192 | Subsidised price: ₹80/-
Author: A Disciple
ISBN: 978-81-944382-6-7

This publication comprises the invaluable teachings of His Holiness Jagadguru Sri Abhinava Vidyatheertha Mahaswamiji, the 35th Jagadguru Shankaracharya of Sringeri Sri Sharada Peetham, presented in three parts, comprising His Replies to the questions of His disciples, Scriptural Expositions and Essays.

Title: Arulmigu Guruvin Porulmigu-Naamangal
Pages: 296 | Subsidised price: ₹100/-
Author: K. Suresh Chandar
ISBN: 978-81-944382-2-9

Elucidation of the Ashtottara-shata-namavali (108 sacred names) of His Holiness Jagadguru Sri Abhinava Vidyatheertha Mahaswamiji, the 35th Jagadguru Shankaracharya of Sringeri Sri Sharada Peetham, composed by His Holiness Jagadguru Sri Bharathi Theertha Mahaswamiji, the 36th Jagadguru Shankaracharya and the reigning Pontiff of the Peetham.

Title: Sringeri Shankaracharyal - Jagadguru Sri Bharathi Theertha Mahaswamigal
Pages: 32 | Subsidised price: ₹50/-
Author: Dr. R. Suganya
ISBN: 978-81-950399-4-4

A pictorial book portraying the life and teachings of His Holiness Jagadguru Sri Bharathi Theertha Mahaswamiji, the 36th Jagadguru Shankaracharya and the reigning Pontiff of Sringeri Sri Sharada Peetham.

Title: Endrum Puthiyavar
Pages: 202 | Subsidised price: ₹80/-
Author: Dr. V. N. Muthukumar
ISBN: 978-81-944382-0-5

This book is a detailed, word-by-word exposition of a Sanskrit verse in veneration of His Holiness Jagadguru Sri Abhinava Vidyatheertha Mahaswamiji, the 35th Jagadguru Shankaracharya of Sringeri Sri Sharada Peetham, composed by His Holiness Jagadguru Sri Bharathi Theertha Mahaswamiji, the 36th Jagadguru Shankaracharya and the reigning Pontiff of the Peetham.

KANNADA



Title: Tiliheluva Neetikathegalu
Pages: 246 | Subsidised price: ₹100/-
Author: Dr. H. N. Shankar
ISBN: 978-81-944382-9-8

This book contains a compilation of parables narrated by His Holiness Jagadguru Sri Abhinava Vidyatheertha Mahaswamiji, the 35th Jagadguru Shankaracharya of Sringeri Sri Sharada Peetham. The sources of the parables are His benedictory addresses and private conversations.

Title: Sringeri Shankaracharyaru - Paramapujya Jagadguru Sri Bharathi Theertha Mahaswamigalu
Pages: 32 | Subsidised price: ₹50/-
Author: Prof. R. Muralishankar
ISBN: 978-81-950399-5-1

A pictorial book portraying the life and teachings of His Holiness Jagadguru Sri Bharathi Theertha Mahaswamiji, the 36th Jagadguru Shankaracharya and the reigning Pontiff of Sringeri Sri Sharada Peetham.

Centre for Brahmavidya
SVK Towers, 8th Floor, A25, Industrial Estate, Guindy
Chennai 600032; INDIA
Email: contact@centreforbrahmavidya.org

To place orders:
www.centreforbrahmavidya.org

Contact (WA):
K. Venkataramanan: +91-7397487666
K. Parthasarathy: +91-7358388704